# दिनाँक 13 से 17 अक्टूबर 14 तक लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग में नियुक्त हुये नये उपयंत्रियों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

दिनाँक 13 से 17 अक्टूबर 2014 तक, अखिल भारतीय स्थानीय शासन प्रशिक्षण संस्थान, शिवाजी नगर भोपाल में, विभाग में नियुक्त हुये नये उपयंत्रियों के लिये उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें 28 उपयंत्रियों ने भाग लिया ।

प्रशिक्षण में उपयंत्रियों को, विभाग की कार्यप्रणाली, केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, शासन की नीतियों, विभागीय दायित्वों एवं विभिन्न प्रकार की योजनायें तैयार करने एवं उनके क्रियान्यवन करने, जैसे तकनीकी विषयों पर जानकारी उपलब्ध करायी गयी ।

प्रशिक्षण के समापन सत्र में मुख्य अभियंता, भोपाल परिक्षेत्र एवं अधीक्षण यंत्री (मॉनिटरिंग) द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली गयी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बतलाया गया । प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्थान द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की भी सराहना की गयी । द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिनाँक 27 से 31 अक्टूबर 2014 तक आयोजित किया जायेगा, जिसके लिये 40 उपयंत्रियों को नामाँकित किया गया है ।